**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 4424**
**उत्तर देने की तारीख 20 अगस्त, 2025**

**नई राष्ट्रीय दूरसंचार नीति**

**4424. श्री वी. के. श्रीकंदनः**
**श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणेः**
**श्री संजय हरिभाऊ जाधवः**
**श्रीमती भारती पारधीः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार वर्तमान में एक नई राष्ट्रीय दूरसंचार नीति का मसौदा तैयार कर रही है, जिसके द्वारा राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति (एनडीसीपी), 2018 को प्रतिस्थापित किए जाने की संभावना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एनडीसीपी, 2018 का लक्ष्य वर्ष 2022 तक प्रत्येक नागरिक को 50 एमबीपीएस की गति से सार्वभौमिक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करना था और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त लक्ष्य की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) नई नीति में इन महत्वाकांक्षी ब्रॉडबैंड विस्तार लक्ष्यों को, विशेषकर घरों तक फिक्स्ड-लाइन ब्रॉडबैंड सुलभता के संबंध में किस प्रकार संशोधित या विकसित किया गया है;

(घ) क्या एनडीसीपी, 2018 का लक्ष्य वर्ष 2022 तक 1 करोड़ सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित करना था, जबकि नए मसौदे में कथित तौर पर 10 लाख हॉटस्पॉट स्थापित करने का लक्ष्य है;

(ङ) यदि हाँ, तो उक्त संख्या में काफी कमी किए जाने के क्या कारण हैं और सार्वजनिक वाई-फाई सुलभता प्रदान करने की संशोधित कार्यनीति क्या है;

(च) क्या सरकार ने 2030 तक 90% आबादी को 5जी और 100% आबादी को 4जी के अंतर्गत लाने का लक्ष्य रखा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) क्या फाइबर से दूरसंचार नेटवर्क से जुड़े टावरों की संख्या 46% से बढ़ाकर 80% करने की मांग की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) से (छ) जी हाँ, भारत सरकार राष्ट्रीय दूरसंचार नीति (एनटीपी), 2025 का मसौदा तैयार कर रही है जिसमें दूरसंचार क्षेत्र में कनेक्टिविटी, घरेलू विनिर्माण, सुरक्षा, अनुसंधान एवं विकास आदि से संबंधित कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य शामिल होंगे। राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति (एनडीसीपी), 2018 में प्रत्येक नागरिक को 50 एमबीपीएस की सार्वभौमिक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने और 1 करोड़ सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट तैयार करने जैसे कुछ महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए गए थे। ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या सितंबर, 2018 में 48.1 करोड़ से बढ़कर मार्च, 2025 में 94.41 करोड़ हो गई है। जून, 2025 में मीडियन वायरलेस और फिक्स्ड ब्रॉडबैंड स्पीड बढ़कर क्रमशः 133.51 एमबीपीएस और 59.51 एमबीपीएस हो गई है। वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या सितंबर, 2018 में 2.12 करोड़ से बढ़कर मार्च, 2025 में 3.7 करोड़ हो गई है। इसके अलावा, देश भर में 4,08,156 वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित किए गए हैं।

वर्तमान में राष्ट्रीय दूरसंचार नीति, 2025 मसौदा चरण में है और ब्रॉडबैंड प्रसार, सार्वजनिक वाई-फाई विस्तार, 4जी और 5जी कवरेज और दूरसंचार टावरों के फाइबरीकरण सहित विभिन्न विचाराधीन लक्ष्यों को अभी अंतिम रूप दिया जाना है। विभिन्न लक्ष्यों पर मौजूदा क्षेत्रीय विकास, उभरती प्रौद्योगिकी के विकास, अवसंरचना की तैयारी और आकांक्षाओं और व्यवहार्यता के बीच संतुलन स्थापित करने की आवश्यकता के संदर्भ में विचार-विमर्श किया जा रहा है।

इस नीति का समग्र लक्ष्य भारत को ऐसे दूरसंचार उत्पाद राष्ट्र में परिवर्तित करना होगा जो नवाचार से प्रेरित हो और जो अपने सभी नागरिकों को सार्थक, सुरक्षित और सतत रूप से जोड़े।

****